Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to facilitate grant of NOC for construction of road along Bariyarpur canal by Government of Uttar Pradesh - Laid

श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो): महोदया, बरियारपुर बांध से निकलने वाली नहर जो कि सीमा से लगे राज्य उत्तर प्रदेश की ओर जाती है, उक्त नहर के बगल से निर्माणाधीन सड़कें क्रमशः पी.आई.यू. पैकेज क्रमांक 2824 के अंतर्गत मार्ग ग्राम मझगांय जंक्शन से पडरहा तक स्वीकृत लम्बाई 5.2 कि.मी. ग्राम उदयपुर से मझगांय जंक्शन तक स्वीकृत लम्बाई 7.00 कि.मी. एवं पी.आई.यू. पन्ना पैकेज क्र. 2828 (बी) के अंतर्गत मार्ग बरियारपुर डैम से यू.पी. बॉर्डर रोड स्वीकृत लम्बाई 24.80 कि.मी. बरियारपुर डैम कैनाल की रोड स्वीकृत लम्बाई 10.75 कि.मी. जिसकी कुल लम्बाई 47.70 कि°मी° की है, का निर्माण कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना पन्ना के द्वारा कराया जा रहा था। किन्तु, नहर का अधिपत्य उत्तर प्रदेश सरकार का होने के कारण सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आपत्ति की गई और उक्त निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है, जिससे उक्त क्षेत्र में सड़कों की हालत बहुत ही खराब है। ग्रामवासियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं बरसात में स्थिति और भी खराब हो जाती है।

अतः महोद**या**, मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि बरियारपुर नहर रोड के निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने अथवा निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा करवाया जाए, जिससे ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा हो सके।